6006(E)
29.08.2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 29.08.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल संख्या–1, गया जी के अन्तर्गत पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Under Package No.-45B/OPRMC-III for the year 2026-33 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अभिषेक पलासिया, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–14.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2721 दिनांक–14.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2867(अनु०) दिनांक–22.08.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–22.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Under Package No.-45B/OPRMC-III for the year 2026-33 |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल संख्या–1, गया जी |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹14608.99295 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹15727.07 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1723 (अनु०), दिनांक–24.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹13845.26213 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 09 (नौ) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) MG Contractors Pvt. Ltd.
(2) Dwarika Singh
(3) JKA Associates Pvt Ltd.
(4) Kawaljeet Singh Contractor
(5) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd.
(6) Manisha Construction

(7) Vinay Construction (8) M/s Raja Construction
(9) Mehta Construction Co & Choudhary (JV)

4. उपरोक्त कार्य की निविदा में कुल 09 (नौ) निविदाकार यथा– (i) MG Contractors Pvt. Ltd. (ii) Dwarika Singh (iii) JKA Associates Pvt Ltd. (iv) Kawaljeet Singh Contractor (v) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. (vi) Manisha Construction (vii) Vinay Construction (viii) M/s Raja Construction एवं (ix) Mehta Construction Co & Choudhary (JV) द्वारा भाग लिया गया है।

दिनांक–14.08.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति में भाग लेने वाले **09** (नौ) निविदाकारों में से 06 (छः) निविदाकार यथा–(i) JKA Associates Pvt Ltd. को MBD Section 3 : Clause 1.2.3, Section-4E.10 एवं MBD Section 3: Clause 1.2.3, के तहत (ii) Kawaljeet Singh Contractor को MBD Section 3 Clause 1.2.1 (b) एवं Clause 2.2.2 के अनुसार Non performing contract के तहत् (iii) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. को MBD Section 3: Clause 2.4.2 (b), MBD Section 3 : Clause 2.6 , Section 4, D.3 एवं MBD Section-3 Clause 2.4.2(a), Section-4E.12 के तहत् (iv) Vinay Construction को MBD ITB Clause -17.3 के तहत् (v) M/s Raja Construction को MBD Section-3 Clause 1.2.3, Section-4E.10 एवं MBD Section-3 Clause-1.2.3 के तहत् एवं (vi) Mehta Construction Co & Choudhary (JV) को MBD As per NIT, Section 3 Clause 2.1.2 एवं MBD Section 3: Clause 2.4.2 (b) के तहत् तकनीकी बीड में असफल तथा शेष 03 (तीन) निविदाकार यथा–(i) MG Contractors Pvt. Ltd. (ii) Dwarika Singh एवं (ii) Manisha Construction को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

5. उपभागीय ज्ञापांक–2721 दिनांक–14.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–14.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) M.K.S.S. Infra Engicon Pvt. Ltd. के Ref:-MKSS/HO/26-27/14 दिनांक–14.08.2026 (2) JKA Associates Pvt Ltd.Ref No-Representation/07 दिनांक–14.08.2026, (3) M/s Vinay Construction का पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026, (4) M/s Raja Construction का पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 एवं (5) Kawaljeet singh Contractor का पत्रांक–KJSC/26-27/office/20 दिनांक–15.08.2026 के द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/ आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2867(अनु०) दिनांक–22.08.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक– 22.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **परिवादः**– उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा– (i) M.K.S.S. Infra Engicon Pvt. Ltd.के Ref:-MKSS/HO/26-27/14 दिनांक–14.08.2026 (ii) JKA Associates Pvt Ltd.Ref No-Representation/07 दिनांक–14.08.2026, (iii) M/s Vinay Construction का पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026, (iv) M/s Raja Construction का पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 एवं (v) Kawaljeet singh

Contractor का पत्रांक–KJSC/26-27/office/20 दिनांक–15.08.2026, द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MKSS Infra | सविनय निवेदन है कि पैकेज संख्या–45B (गयाजी) के अंतर्गत मेरी निविदा को वित्तीय बिड के लिए Non-Responsive घोषित किया गया है। उक्त निर्णय के लिए दिया गया कारण तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है तथा उपलब्ध अभिलेखों एवं वास्तविक कार्य अनुभव के अनुरूप नही है। अतः इस संबंध में पुनर्विचार किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।<br><br>महोदय, मेरे द्वारा प्रस्तुत कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन गयाजी के कार्यपालक अभियंता द्वारा संबंधित Independent Engineer से कराया गया, जबकि उक्त कार्य मुझे Sub-Contract के माध्यम से प्राप्त हुआ था और वास्तविक कार्य मेरे द्वारा संबंधित सक्षम संस्था/प्राधिकरण के अधीन किया गया था। इस संबंध मेंमेरे द्वारा कई बार अनुरोध किया गया कि कार्य अनुभव का सत्यापन सक्षम एवं संबंधित प्राधिकारी से कराया जाए, परंतु मेरे अनुरोध पर अपेक्षित रूप से विचार नहीं किया गया।<br><br>विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि उक्त कार्य अनुभव को बाद में पथ निर्माण विभाग के माननीय सचिव महोदय द्वारा अनुमोदित किया गया है। इसी कार्य अनुभव के आधार पर मेरे द्वारा पैकेज संख्या मुजफ्फरपुर 4B में भी दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे, जिन्हें संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा स्वीकार/मान्य किया गया। ऐसी परिस्थिति में एक ही कार्य अनुभव को एक स्थान पर मान्य एवं स्वीकृत तथा दूसरे स्थान पर अमान्य मानकर मेरी निविदा को Non-Responsive घोषित किया जाना समझ से परे है।<br><br>यदि उक्त कार्य अनुभव को विभागीय स्तर पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है तथा उसी आधार पर अन्य पैकेज में भी मेरी पात्रता स्वीकार की गई है, तो गयाजी पैकेज संख्या–45B में इसे Non-Responsive घोषित करने का आधार क्या है, यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है। एक ही दस्तावेज एवं कार्य अनुभव के संबंध में अलग– अलग स्थानों पर अलग– अलग | निविदाकार द्वारा CPCPL/IE/11-25/508, date 24.11.2025 एवं CPCPL/IE/11-25/509, date 24.11.2025 का Experience Certificate निविदा के साथ upload किया गया है। कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल शेरघाटी के पत्रांक–573 (अनु0) दिनांक–04.07.2026 द्वारा Acting team leader/CPCPL, M/S Chaitanya projects consultancy Ltd. को निविदाकार द्वारा uploaded experience certificate की सत्यापन की माँग की गई है। सत्यापन के क्रममें Chaitanya projects consultancy Ltd. के Ref. no: CPC/OM-04/CPC/2021/HO/CON/432/40201<br><br>Date:10.07.2026 द्वारा Certificate को Forged & not genuine अंकित किया गया है। अतः गलत Certificate संलग्न करना MBD Section-3 Clause 1.2.1 (a) | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | निर्णय लिया जाना मेरे लिए गंभीर अन्याय का कारण बन रहा है।<br><br>इस संबंध में सादर निवेदन हैकि *Hot Mix Plant से संबंधित आवश्यक कागजात/ दस्तावेज मेरे द्वारा निविदा के साथ ही संलग्न कर प्रस्तुत किए गए थे।* अतः Hot Mix Plant के स्वामित्व/ उपलब्धता से संबंधित आवश्यक प्रमाण मेरे निविदा दस्तावेज में पहले से ही उपलब्ध हैं।<br><br>अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि मेरे द्वारा निविदा के साथ प्रस्तुत किए गए *Hot Mix Plant से संबंधित दस्तावेजों का पुनः अवलोकन एवं सत्यापन* करने की कृपा की जाए तथा उक्त आधार पर मेरे निविदा को Non-Responsive घोषित किए जाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए।<br><br>अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी अभिलेखों एवं पूर्व में सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए अनुमोदन को ध्यान में रखते हुए मेरे मामले का पुनः परीक्षण एवं निष्पक्ष पुनर्विचार किया जाए तथा मेरी निविदाको Responsive मानते हुए मुझे वित्तीय बीड में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जाए।<br><br>मुझे पूर्ण विश्वास है कि विभाग मेरे प्रकरण की वास्तविक तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष समीक्षा करते हुए उचित निर्णय प्रदान करेगा। यदि मेरे इस अनुरोध पर नियमानुसार विचार नहीं किया जाता है तथा बिना उचित आधार के मुझे वित्तीय बीड से वंचित रखा जाता है, तो मुझे अपने वैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु माननीय न्यायालय की शरण लेने एवं उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्राधिकारी की होगी। | का उल्लंघन है। अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है।<br><br>निविदाकार द्वारा निविदा के साथ Rented, Hot Mix Plant से संबंधित Paper upload किया गया है, जबकि Hot Mix Plant का Owned होना अनिवार्य है। अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | |
| 2. | Vinay Construction, Ramnagar, Nawada | **Regarding the Validity of the Bank Guarantee**<br><br>As per the original Notice Inviting Tender (NIT), the last date for submission of bids was **04.06.2026 up to 03:00 PM**, through the e-procurement portal https://eproc2.bihar.gov.in.<br><br>Thereafter, the last date was successively extended to **08.06.2026, 19.06.2026, 03.07.2026,** and subsequently further | निविदाकार द्वारा Upload किए गए B.G की वैधता 162 दिन है जबकि MBD ITB Clause 17.3 के अनुसार EMD की वैधता न्यूनतम 180 दिन होना अनिवार्य है। अतः परिवाद | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | extended by the Department from time to time.<br><br>Our firm initiated the process of obtaining the Bank Guarantee immediately after the publication of the original NIT, keeping in view the original bid submission date of **04.06.2026**. Therefore, if the validity of the Bank Guarantee is calculated with reference to the original closing date of the NIT, the Bank Guarantee satisfies the prescribed validity requirement.<br><br>The apparent shortfall of the required validity has arisen solely because the Department extended the bid submission date several times, which was entirely beyond the control of our firm. Hence, our firm should not be penalized or disqualified for circumstances arising due to subsequent extensions of the tender schedule.<br><br>Further, the Bank Guarantee submitted by us is an **unconditional Bank Guarantee** and also provides a **Claim Period** after its expiry. The validity and enforceability and security provisiosof the Bank Guarantee may kindly be considered in its entirety, while examining the matter.<br><br>In the interest of fairness and natural justice, I respectfully request that, instead of disqualifying our firm outright, the Department may kindly issue a request to our Bank for extension of the validity of the Bank Guarantee.If the Bank formally declines such extension, the Deparment may thereafter take an appropriate decision in accordance with the applicable tender conditions.<br><br>Furthermore, our firm has always acted bona fide and has complied with the tender requirements based on the original schedule notified by the Department. The subsequent extensions were administrative decisions beyond our control, and therefore the same should not adversely affect our eligibility.<br><br>**Previous Practice of the Department**<br><br>It is respectfully submitted that M/s Vinay Construction has been executing works under the Road Construction Department for several years.<br><br>Even at present, our firm is successfully executing an OPRMC work under the | के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | Road Division, Hilsa, awarded by your Department. Similar OPRMC works have also been successfully executed by our firm in the past.<br><br>Likewise, under the Rural Works Department (RWD), our firm has been awarded and has successfully executed various works including MR (Maintenance & Repair), RRSMP, Bridge Works and other road projects.<br><br>Our firm has consistently fulfilled its contractual obligations and maintained satisfactory performance in all such projects. This establishes our technical capability, financial credibility and reliability as a contractor.<br><br>Considering our satisfactory track record and previous successful execution of similar works, we humbly request that the Department may adopt a fair and pragmatic approach while considering our eligibility in the present tender.<br><br>**Prayer**<br><br>In view of the facts stated above, I most respectfully request that the Department may kindly:<br><br>Reconsider the decision of the Tender Committee dated 14.08.2026 declaring M/s Vinay Construction disqualified.<br><br>Re-examine the validity of our Bank Guarantee with reference to the original NIT closing date of 04.06.2026.<br><br>Kindly issue a request to our Bank for extension of the validity of the Bank Guarantee.<br><br>Take into consideration the fact that our firm has successfully executed and is presently executing OPRMC works under the Road Construction Department.<br><br>Also consider our successful execution of various works under the Rural Works Department, including MR, RRSMP, Bridge Works and other road projects.<br><br>After considering the above facts, restore the eligibility of M/s Vinay Construction and allow our firm to continue in the tender process in accordance with the applicable | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | rules and tender conditions. | | |
| 3. | M/S Raja Construction | उपरोक्त विषय के संबंध में निवेदन पूर्वक कहना है कि मेरे द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा में भाग लिया गया है। दिनांक–14.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही (प्रासंगिक पत्र) के द्वारा मुझे विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड में असफल कर दिया गया है। प्रासंगिक पत्र के कंडिका–4(i) में यह कहा गया है कि :– M/S. Raja Construction के द्वारा पथ प्रमंडल, कोचस अन्तर्गत W/S of Malhipur to Darigaon Via Baddi Road from Km 0.00 to 19.05 under CMBD का कार्य अपने Existing Commitments of ongoing works में नहीं दर्शाया है। अतः इनको MBD Section-3, Clause 1.2.3 एवं NIT के कंडिका–39 के तहत असफल घोषित होते है, जो नियमानुकूल नहीं है।<br><br>इस संबंध में निवेदन पूर्वक महोदय से निम्न तथ्यों की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहूँगा :–<br><br>(1) जिस कार्य को कहकर यह कहा गया है कि मेरे द्वारा Existing Commitment में पथ निर्माण विभाग के कोचस प्रमंडल के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य को नहीं दर्शाया गया है के संबंध में यह कहना है कि संबंधित कार्य एकरारनामा सं0–07CMBD/2017-18 द्वारा कराया जा रहा था, जिसमें कार्य आरंभ करने की तिथि 24.02.2018 और कार्य समाप्ति की तिथि 23.02.2020 थी। संबंधित कार्य दिनांक–21.03.2024 को संतोषप्रद रूप से कार्य समाप्त किया जा चुका था। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कोचस द्वारा उनके पत्रांक–403 दिनांक–22.04.2025 द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र भी निर्गत किया था। (सुलभ प्रसंग उक्त पत्र की छायाप्रति संलग्न है)।<br>मेरा मंशा Existing Commitment Ongoing works छुपाने का नहीं था चूँकि उपरोक्त कार्य समाप्त हो चुका था जिसका अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त था इसलिए Existing Commitment (B) में इसको जोड़ा गया यदि इस कार्य का Maintenance (OM+PM) की राशि Existing Commitment (B) में जोड़ा भी जाता है तो मेरे द्वारा समर्पित निविदा के | निविदाकार द्वारा FIN-4, Financial Requirments for current contract commitments में कुल सात अद्द कार्यो का जिक्र एवं संबंधित कार्यो का counter sign by Engineer-in-Charge द्वारा किया हुआ Uploaded है। परंतु पथ प्रमंडल, कोचस, पथ निर्माण विभाग अंतर्गत W/S of Malhipur to Darigaon Via Baddi Road from Km 0.00 to 19.05 under CMBD जिसका कार्य प्रारंभ की तिथि 24.02.2018 एवं वास्तविक कार्य समाप्ति की तिथि 29.02.2024 है एवं अनुरक्षण कार्य 24.02.2029 तक किया जाना है जोकि इनके द्वारा Existing Commitment में अंकित नहीं है, जोकि NIT की कंडिका 39 एवं MBD Section-3, Clause-1.2.3 का उल्लंघन है।<br><br>अतः परिवाद में उल्लेखित बिन्दु मान्य नहीं है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | Bid Capacity पर कोई प्रतिकुल प्रभाव नहीं पड़ेगा। पुनः मूल्यांकण कर Bid Capacity की गणना करते हुए मुझे सफल घोषित करने की कृपा करें।<br><br>(2) इस संबंध में MBD के Fin-4: में साफ अंकित है कि वैसे कार्य जिसका कार्य समाप्ति का अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है Existing Commitment में नहीं दर्शाना है। FORM Fin-4: Financial Requirements for Current Contract Commitments FORM FIN-4 Bidders (or each joint Venture Partner) should provide information on their current commitments on all contracts that have been awarded, or for which a letter of intent or acceptance has been received, or for contracts approaching completion, but for which an unqualified, full completion certificate has yet to be issued."<br>(3) इस संबंध में मैं आपका ध्यान MBDके कंडिका–22 पर आकृष्ट करना चाहता हूँ, जो Clarification of Bids से संबंधित है। उसके उप कंडिका–2.1 में अंकित है कि:– "To assist in the examination. Evaluation, and comparison of the bids, and qualification of the Bidders, the Employer may, at its discretion, ask any bidder for clarification of its bid. Any clarification submitted by a Bidder that is not in response to a request by the Employer shall not be considered . The employer's request for clarification and the response shall be in writing. No change in the prices or substance of the bid shall be sought, offered, or permitted, except to confirm the correction of arithmetic errors discovered by the Employer in the evaluation of the bids, in accordance with ITB26." उक्त नियम के आलोक में भी भवदीय हमें एक मौका निविदा के तकनीकी मूल्यांकन से पूर्व देने की कृपा करते तो उक्त अल्प आपत्ति का भी निराकरण कराया जा सकता था।<br>(4) इस संबंध में मैं आपका ध्यान पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्गत पत्रांक–6158(एस) दिनांक–09.07.2014 की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ, जो SBD/MBD/ CMBD/NH पर आधारित | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | निविदाओं के तकनीकी निष्पादन हेतु Eligibility Criteria से संबंधित है, के आलोक में भी भवदीय के स्तर पर निर्णय अपेक्षित है।<br>(5) हमारे द्वारा समर्पित निविदा में Bid Capacity अपलोड है एवं जिस कार्य में Existing Commitment छुपाने का आरोप लगाया गया है वो कार्य निविदा के तिथि के पूर्व कार्य समाप्त किया जा चुका है। (अनुभव प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न)<br>(6) इस संबंध में मैं पूर्व में समरूप मामले में भवदीय कार्यालय का पत्रांक–1822(अनु0) / पटना दिनांक–30.05.2025 की ओर ध्यान दिलाना चाहूँगा। उक्त पत्र के द्वारा मुझे W/S of Imamganj to Pakri via Kothi Salaiya Road from Km 0.00 to 24.00 के निविदा में सफल घोषित किया गया था। परन्तु श्रीकान्त प्रसाद, माननीय सदस्य जनता दल (यू0) क्रियाशील के द्वारा Existing Commitment संबंधित दिये गये परिवाद पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि:– परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय (प्रति संलग्न):– समीक्षोपरान्त पाया गया कि निविदाकार M/S Raja Consturction के निविदा प्राप्ति के पश्चात ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज द्वारा आवंटित कार्य को Existing Commitment (B) में जोड़ने के उपरान्त भी इनका Bid Capacity जो वांछित Bid Capacity की राशि से अधिक था एवं निविदा में सफल घोषित किया गया था। साथ ही साथ मुझे यह भी कहना है कि निविदाकार M/S Manisha Construction के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर से निर्गत Package No. JH-P3-22- 23-DEO-03(PMGSY-III-Batch-I) का अनुरक्षण कार्य Existing Commitment & Ongoing works में नहीं दर्शाया गया है। जिनको OPRMC-III under Package No. 45A/Gaya, OPRMC-III under Package No. 45B/Gaya में तकनीकी रूप में सफल घोषित किया गया है। Tender ID : 2023_CEJHR_122909_11(www.pmgsytendersjhr.gov.in)Letter of Acceptance-Attached.<br>अतः अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों पर विचार करते हुए विधि संगत निर्णय लेकर हमारे द्वारा समर्पित निविदा को तकनीकी रूप से | M/S Manisha Construction के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल देवघर अन्तर्गत Package No-JH-P3-22-23-DEO-03(PMGSY-III Batch -I) कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र upload किया गया है, जिसमें Actual Date of Completion - 03.06.2026 अंकित | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | सफल घोषित करने की कृपा की जाय। इस हेतु मैं आपका सदा आभारी रहूँगा। | है, उक्त अनुभव प्रमाण पत्र में अनुरक्षण कार्य का उल्लेख नहीं किया गया है। अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | |
| 4. | JKA Associates Pvt. Ltd. | M/s JKA Associates Pvt. Ltd. hereby places on record its strong objection against the decision to declare the firm technically unsuccessful in the above-mentioned tender.<br><br>The technical disqualification of M/s JKA Associates Pvt. Ltd. is highly unjustified, factually erroneous and disproportionate, particularly when the documents submitted by the firm were duly supported by CA certification as well as relevant departmental records and certificates.<br><br>As per Technical Evaluation Proceedings dated 13.08.2026, M/s JKA Associates Pvt. Ltd. has been declared unsuccessful on the ground that, in respect of certain Existing Commitment works, the Agreement Value was allegedly not reflected in the records prepared by the concerned Engineer-in-Charge, due to which Existing Commitment and Bid Capacity could not be calculated.<br><br>This conclusion, however, does not take into proper consideration the complete set of documents submitted by the bidder.<br><br>1. FIN-4/Ongoing Works were duly supported and certified<br><br>M/s JKA Associates Pvt. Ltd. had submitted its FIN-4 / Existing Commitment / Ongoing Works statement duly certified by its Chartered Accountant.<br><br>The relevant financial/payment particulars were also duly certified by the CA. In addition, the supporting documents relating to the concerned | निविदाकार द्वारा Fin 4 Financial requirement for current contract commitments में कुल 17 कार्यों का विवरणी Upload किया गया है। Sl. no.-01 कार्य में Outstanding contract value 0.00 दर्शाया गया है जबकि इससे संबंधित remaining contract value का विवरण upload नहीं किया गया है पत्रांक–992 दिनांक–24.11.2025 एवं पत्रांक–18 दिनांक–16.04.26 जो पंजाबी भाषा में है जिसमें एकरारनामा एवं व्यय की राशि अंकित नहीं है, Upload किया गया है। उक्त दोनों पत्र के आधार पर Outstanding Contract value 0.00 (शून्य) का मिलान नहीं किया जा सका है। Sl. No. 02 पर अंकित योजना का Supporting IPC | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | ongoing works were furnished along with the bid and were supported by documents/certificates authenticated or Countersigned by the concerned Executive Engineers/competent departmental authorities.<br><br>Also, the information was supported by CA certification as well as departmental documentary evidence.<br><br>If the Department still had any doubt regarding the Agreement Value, payments, executed work, balance commitment or any other particulars, the same could very easily have been verified from the concerned Engineer-in-Charge/Executive Engineer and the original departmental records.<br><br>2. CA certification is specifically intended to establish the financial particulars of ongoing works<br><br>In tenders of this nature, and wherever applicable under the prevailing MORTH/NHAI tendering requirements and practices, the financial details of ongoing works forming part of FIN-4/Existing Commitments are required to be supported by appropriate CA certification, precisely so that the bidder's financial position and ongoing commitments can be established in a reliable and verifiable manner.<br><br>The very purpose of obtaining CA certification is to provide an authenticated financial statement of the bidder's ongoing works and commitments.<br><br>IN THE PRESENT CASE, M/S JKA ASSOCIATES PVT. LTD. WENT A STEP FURTHER AND SUBMITTED BOTH CA-CERTIFIED DOCUMENTS AND RELEVANT DEPARTMENTAL BILLS/CERTIFICATES.<br><br>Therefore, there was absolutely no justification for treating the information as unverifiable without first carrying out proper verification from the concerned | पर Authority Engineer का हस्ताक्षर नहीं है। इस प्रकार MBD की Section:4 कंडिका–10 C एवं ITB Section 01 की कंडिका 09 का उल्लंघन है। अतः परिवाद में उल्लेखित बिन्दुओं को अमान्य किया जाता है।<br><br>MBD के Section 04 की कंडिका–10C में स्पष्ट अंकित है कि the current contract commitments must be duly certified by Engineer-in-charge. | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | departments.<br><br>3. Department could have easily verified the bills and records<br><br>The relevant bills, payment records and supporting departmental documents were available and were submitted along with the bid.<br><br>Had the Department undertaken proper verification from the concerned Executive Engineers/Engineer-in-Charge, the particulars relating to the concerned works and payments could have been readily confirmed from the original departmental records.<br><br>Instead of undertaking such simple and necessary verification, the bidder has been declared technically unsuccessful.<br><br>Such an approach defeats the very purpose of technical evaluation.<br><br>Where a document is available, the underlying facts are verifiable from the concerned Government department, and the bidder has additionally submitted CA certification, outright rejection without verification is wholly unwarranted.<br><br>4. Enormous investment is involved in preparation and participation in a tender<br><br>It is also necessary to appreciate the practical and financial implications of participation in a tender of this magnitude.<br><br>• deployment of substantial manpower;<br>• engagement of technical and financial professionals;<br>• preparation and compilation of extensive technical and financial documentation;<br>• obtaining CA certifications and other statutory documents;<br>• collection and verification of work records, bills and certificates;<br>• substantial time and effort of the | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | organisation; and<br>• considerable direct and indirect financial investment.<br>A contractor does not participate in such a tender casually. Considerable resources are committed in preparing a technically compliant bid.<br><br>Therefore, where the documents submitted by a bidder are available and capable of verification, the Department ought to adopt a fair, reasonable and objective approach rather than disqualifying the bidder on a ground which could have been easily clarified or verified from the concerned departmental authorities.<br><br>5. Disqualification has serious adverse consequences for the bidder<br><br>The unnecessary rejection of M/s JKA Associates Pvt. Ltd. at the technical stage is not merely a procedural issue.<br><br>Such an adverse finding has a serious impact on the professional standing, market reputation and business presence of the company, particularly when the bidder has submitted genuine supporting documents and has made substantial efforts and investment in participating in the tender.<br><br>A technically qualified and established contractor should not suffer such adverse consequences merely because the Department has not undertaken proper verification of documents which were readily verifiable.<br><br>The bidder should not be made to suffer for any omission in verification at the Department's end.<br><br>6. Re-verification is the proper and equitable course<br><br>If the Technical Evaluation Committee had any doubt regarding the Agreement Value or Existing Commitment of the works mentioned in FIN-4, the proper course would have been to seek | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | clarification/verification from the concerned Engineer-in-Charge or Executive Engineer.<br><br>The Department may kindly verify directly:<br><br>1. FIN-4/Existing Commitment statement;<br><br>2. CA-certified statement of ongoing works;<br><br>3. CA-certified payment particulars,<br><br>4. relevant departmental bills;<br><br>5. work certificates issued by the concerned authorities;<br><br>6. certificates/documents countersigned by the concerned Executive Engineers;<br><br>7. Agreement Values of the concerned works;<br><br>8. executed quantities and payments; and<br><br>9. balance Existing Commitment and consequent Bid Capacity.<br><br>Upon such verification, the actual position will become clear beyond any doubt.<br><br>7. Prayer<br><br>In view of the above, M/s JKA Associates Pvt. Ltd. most respectfully but firmly requests that the decision to declare the firm technically unsuccessful may kindly be reviewed immediately.<br><br>a. All FIN-4 / Existing Commitment documents submitted by M/s JKA Associates Pvt. Ltd. may kindly be re-examined;<br><br>b. The CA certification and the supporting departmental bills/certificates may kindly be taken into consideration in their entirety;<br><br>c. The concerned Executive Engineers/Engineers-in-Charge may | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | kindly be approached for direct verification of the Agreement Values, payments, work status and Existing Commitments,<br><br>d. The relevant bills and departmental records may kindly be verified from the original records instead of rejecting the bidder without verification;<br><br>e. After such verification, the technical evaluation may kindly be corrected and M/s JKA Associates Pvt. Ltd. may be declared technically successful, and<br><br>f. The Financial Bid of M/s JKA Associates Pvt. Ltd. may thereafter be opened in accordance with the tender conditions.<br><br>M/s JKA Associates Pvt. Ltd. sincerely expects that the Department will ensure fairness, transparency and objective evaluation and will not allow a technically eligible bidder to be deprived of participation in the financial stage merely because documents, which were duly certified and readily verifiable from the concerned authorities, were not properly verified.<br><br>The present disqualification, in the facts and circumstances stated above, is wholly unjustified and deserves to be withdrawn after proper verification of the records.<br><br>8. Reservation of Rights<br><br>M/s JKA Associates Pvt. Ltd. hereby reserves all its rights and remedies available under the applicable law, tender conditions and other legal provisions. In the event that the above representation is not duly considered and the wrongful disqualification is not appropriately reviewed after proper verification of the documents, the firm shall be constrained to take such appropriate legal action and pursue such remedies before the competent authority/forum as may be available to it in law, at the entire risk and responsibility of the concerned | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | authority.<br><br>This representation is being submitted without prejudice to any of the rights and remedies of M/s JKA Associates Pvt. Ltd., all of which are expressly reserved. | | |
| 5. | Kawaljeet Singh Contractor | उपरोक्त विषय एवं संदर्भ के संबंध में सविनय निवेदन है कि हमारी फर्म Kawaljeet Singh Contractor को उक्त निविदा में Technical Bid Evaluation Report के Point No. 4.2 में MBD Section-3, Clause 1.2.1(b) एवं Clause 2.2.2 के आधार पर Non-Responsive घोषित किया गया है।<br><br>इस संबंध में निवेदन है कि Main Contract- OPRMC-II, Package No.-36A के अंतर्गत स्वीकृत सभी Unforeseen Work हमारी फर्म द्वारा पूर्ण रूप से निष्पादित किए जा चुके हैं। कार्य अवधि के दौरान अंतराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर Iran क्षेत्र से संबंधित परिस्थितियों के कारण Bitumen की उपलब्धता प्रभावित होने से कार्य में कुछ विलंब हुआ था, जिसके संबंध में सरकार/विभाग द्वारा आवश्यक Circular/ निर्देश भी जारी किए गए थे।<br><br>उक्त कार्यों के निरीक्षण हेतु विभाग द्वारा दिनांक–09.06.2026 को निरीक्षण आदेश जारी किया गया था। तत्पश्चात दिनांक–12.06.2026 से 14.06.2026 के मध्य विभागीय अधिकारियों द्वारा सड़क का निरीक्षण किया गया, जिसके दौरान आवश्यक Compliance/ सुधार कार्यों से संबंधित Task/Query विभाग द्वारा "RCD – Road Maintenance" Portal पर assign किए गए थे। उक्त सभी Task/Query का हमारी फर्म द्वारा आवश्यकतानुसार निराकरण कर दिया गया, जिन्हें विभाग द्वारा भी Close कर दिया गया है। वर्तमान दिनांक में उक्त Portal पर संबंधित सड़क के संबंध में Maintenance अथवा Pending work से संबंधित कोई भी Task/ Query/ Complaint Pending अथवा Live नहीं है। अतः Main Contract – OPRMC-II, Package No.-36A के अंतर्गत स्वीकृत सभी Unforeseen | निविदाकार द्वारा पथप्रमंडल, बक्सर अन्तर्गत OPRMC-II Package No.-36A का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के तहत् बक्सर प्रमंडल के तीन पथों यथा–<br>(1) धनसोई–दिनारा<br>(2) दिनारा– जलहारा एवं<br>(3) परसथुआ बाजार से महावीर स्थान पथ का कार्य Unforseen के तहत् उपभागीय कार्यालय का पत्रांक–324 दिनांक–28.01.2026 द्वारा स्वीकृति दिया गया तथा कार्यपालक अभियंता द्वारा पत्रांक–419 दिनांक–02.03.2026, पत्रांक–425 दिनांक–02.03.2026, पत्रांक–426 दिनांक–02.03.2026 द्वारा कार्यादेश दिया गया, उक्त तीनों कार्य पूर्ण करने की तिथि 30.03.2026 निर्धारित थी, कार्यपालक अभियंता द्वारा निविदाकार के परिवाद पर दिनांक–21.08.2026 को प्रतिवेदित किया गया है कि OPRMC-Phase-II Package 36A की एकरारनामा दिनांक–30.05.26 को | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | Works हमारी फर्म द्वारा पूर्ण किए जा चुके हैं।<br><br>यह भी निवेदन है कि उक्त Unforeseen Works इसी Main Contract के अंतर्गत स्वीकृत एवं निष्पादित हुए हैं। कार्य भौतिक रूप से पूर्ण हो चुका है, तथापि आज दिनांक तक उक्त Contract का Final Inspection, Completion Record एवं Final Bill विभागीय स्तर पर अंतिम रूप से निस्तारित नहीं हुआ है।<br><br>अतः सविनय अनुरोध है कि उपरोक्त वास्तविक एवं तथ्यात्मक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उक्त Contract को "Non-Performing Contract" मानकर हमारी फर्म को Non-Responsive घोषित किए जाने के निर्णय पर कृपया पुनर्विचार करने की कृपा करें तथा हमारी Technical Bid को Technically Responsive मानकर Financial Bid की प्रक्रिया में सम्मिलित करने की कृपा करें।<br><br>साथही, Technical Bid Evaluation Report में यह उल्लेखित है कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही विभागीय Website पर प्रदर्शित करने के साथ– साथ उक्त निविदा के निविदाकारों को e-mail के माध्यम से भी सूचित किया जाना है। इस संबंध में खेद का विषय है कि हमारी फर्म को विभाग की ओर से उक्त कार्यवाही/निर्णय के संबंध में कोई e-mail प्राप्त नहीं हुआ है। अतः इस तथ्य को भी कृपया संज्ञान में लेते हुए प्रकरण पर पुनर्विचार करने की कृपा की जाए।<br><br>अतः आपसे पुनः विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए हमारी फर्म के Technical Bid पर पुनर्विचार कर न्यायोचित निर्णय प्रदान करने की कृपा करें। | समाप्त हो गई है। इस पैकेज के शेष बचे Unforseen कार्य यथा दिनारा जलहरा पथ, परस्थुआ बाजार– महावीर स्थान को OPRMC-Phase-III Package 36B में सम्मिलित कर लिया गया है। निविदाकार द्वारा भी अपने परिवाद में कार्य अवधि के दौरान अंतराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेष कर Iran क्षेत्र से संबंधित परिस्थितियों के कारण Bitumen की उपलब्धता प्रभावित होने से कार्य में कुछ विलंब हुआ था, जिसके संबंध में सरकार/विभाग द्वारा आवश्यक Circular/ निर्देश भी जारी किए गए थे।<br><br>कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बक्सर के अनुरोध पर परिवाद मान्य करने योग्य है।<br><br>निविदाकार Financial Resourcess की न्यूनतम वांछित अहर्त्ता 1384.52621 लाख को पूर्ण नहीं करते है। | |

7. <u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–</u>

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निविदाकार Dwarika Singh द्वारा Pending litigation history छुपाने के कारण MBD Section-3-2.2.1, Section-4E.5 के तहत एवं निविदाकार Kawaljeet Singh Contractor को Financial Resourcess की न्यनूतम वांछित अहर्त्ता–1384.52621 लाख पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है। समिति का शेष निर्णय यथावत् रखा जाता है।

8. पथ प्रमंडल, दरभंगा पैकेज सं0–10A में भाग लिये निविदाकार Vallabhneini Construciton Pvt. Ltd. द्वारा निविदाकार M/S MG Contractors Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद दिया गया है, जिसमें अंकित है, कि इन्होनें Litigation History में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर Case No.-006192/2025 SLP (C) No.-021301/2024 LIT-1 Pending Litigation में नहीं दर्शाया है, उक्त परिवाद के आलोक में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के Website पर Case No.- 006192/2025 SLP (C) No.-021301/2024 की जाँच की गयी। जाँचोंपरान्त पाया गया कि वर्णित वाद, जो कि Arbitration से संबंधित है, की अद्यतन स्थिति Pending है। इस वाद से संबंधित जानकारी निविदाकार द्वारा LIT-1 Pending Litigation में नहीं दर्शाया गया है, फलस्वरूप Section 3 Clause 2.2.1 Section-4E.5 Form LIT-1 के आलोक में M/S MG Contractors Pvt. Ltd. को निविदा में असफल करने का अनुशंसा किया जाता है।

9. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) **M.K.S.S. Infra Engicon Pvt. Ltd.** के **Ref:-MKSS/HO/26-27/14** दिनांक–14.08.2026 (2) **JKA Associates Pvt Ltd.Ref No-Representation/07** दिनांक–14.08.2026 (3) **M/s Vinay Construction** का पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 एवं (4) **M/s Raja Construction** का पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

**(ii) 09 (नौ) निविदाकारों में से 08 (छः) निविदाकार यथा–(1) JKA Associates Pvt Ltd. को MBD Section 3 : Clause 1.2.3, Section-4E.10 एवं MBD Section 3: Clause 1.2.3, के तहत, (2) Kawaljeet Singh Contractor को MBD Section 3 Clause 2.3.3 के तहत् (3) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. को MBD Section 3: Clause 2.4.2 (b), MBD Section 3 : Clause 2.6 , Section 4, D.3 एवं MBD Section-3 Clause 2.4.2(a), Section-4E.12 के तहत् (4) Vinay Construction को MBD ITB Clause-17.3 के तहत् (5) M/s Raja Construction को MBD Section-3 Clause 1.2.3, Section-4E.10 के तहत् एवं (6) Mehta Construction Co & Choudhary (JV) को MBD NIT S.N. 14, Section 3 Clause 2.1.2 एवं MBD Section 3: Clause 2.4.2 (b) के तहत् (7) MG Contractors Pvt. Ltd. द्वारा Pending Litigation में नहीं दर्शाने के फलस्वरूप Section 3 Clause 2.2.1, Section 4E.5 Form LIT-1 के तहत् (8) Dwarika Singh द्वारा Pending Litigation में नहीं दर्शाने के फलस्वरूप Section 3 Clause 2.2.1, Section 4E.5 Form LIT-1 के तहत् तकनीकी बीड में असफल तथा शेष 01 (एक) निविदाकार यथा–(1) Manisha Construction को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया है।**

(iii) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में एक निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–2721 दिनांक–14.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–14.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

9.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29/8/26<br>(राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण, पथ निर्माण<br>विभाग, बिहार, पटना। | 29/8/26<br>(राजेश कुमार गुप्ता)<br>मुख्य अभियंता, संविदा<br>प्रबंधन, नीतिगत मामले<br>एवं लेखा परीक्षा,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 29/8<br>(अभिषेक पलासिया)<br>संयुक्त सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 29/8/26<br>(उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–150/2026 6006(E) पटना, दिनांक 29.08.2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/ आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/8/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।